समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# NSUI राजस्थान को मिला भादरा से नया नेतृत्व

राजेश चौधरी

Published on 05 Feb 2026



भादरा नगर पालिका की चेयरमैन **मुस्कान रफीक कुरैशी** को **नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (NSUI)** की **राजस्थान प्रदेश महासचिव** के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से भादरा नगर सहित पूरे हनुमानगढ़ जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## संगठन मे युंवाओं को मिलेगा नया नेतृत्व

मुस्कान रफीक कुरैशी लंबे समय से सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रही हैं। नगर पालिका चेयरमैन के रूप में उन्होंने विकास कार्यों, जनसमस्याओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर लगातार प्रभावी भूमिका निभाई है। अब NSUI जैसे छात्र संगठन में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी मिलने से संगठन को एक सशक्त और ऊर्जावान नेतृत्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## कांग्रेस और NSUI कार्यकर्ताओं मे खुशी की लहर

उनकी नियुक्ति की खबर सामने आते ही NSUI, कांग्रेस पार्टी और समर्थकों ने बधाइयों का तांता लगा दिया। स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने इसे भादरा के लिए गौरव का क्षण बताया है। कई लोगों का मानना है कि यह नियुक्ति युवाओं और महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम है।

## शुभकामनाओं का सिलसिला जारी

इस अवसर पर **रफीक कुरैशी**, **राहुल कसवां**, **रामसिंह कसवां** सहित कई प्रमुख लोगों ने मुस्कान रफीक कुरैशी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समर्थकों का कहना है कि वह NSUI संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.